मुंडा राजस्थान समेत छह राज्यों के एकलव्य विद्यालय के छात्रों से मिले

मंत्री मुंडा के प्रयास से छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात किया

बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना लक्ष्य : मुंडा

समाचार जगत ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली में डा. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान मुंडा ने कहा कि कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि मेरा विश्वास है की इस तरह की यात्रा से आप लोगों को प्रेरणा और सफल जीवन जीने की आकांक्षा को और बढ़ावा मिलेगा। हमारा उद्देश एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना तो है ही मगर साथ-साथ उनके स्किल ओरिएंटेशन पर भी कार्य करना है, ताकि जब आप लोग यहाँ से बाहर जाएं तो वैश्विक चुनातियों का सामना कर सकें। एक कार्यक्रम में छह राज्यों राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड,

मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लगभग 460 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्रों ने भाग लेने दिल्ली आए हुए थे। इस दौरान छात्रों ने अपने अनुभव मंत्री मुंडा के साथ साझा किया। इसके अलावा छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करने के बाद अमृत उद्यान, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और पुस्तकालय का निर्देशित दौरा भी किया। छात्रों के अलवा 40 शिक्षकों ने भाग लिया और देश भर के 401 एकलव्य विद्यालय ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े रहे।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मुंडा ने कहा कि मेरा विश्वास है की इस तरह की यात्रा से आप लोगों को प्रेरणा और सफल जीवन जीने की आकांक्षा को और बढ़ावा मिलेगा। हमारा उद्देश एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना तो है ही मगर साथ-साथ उनके स्किल ओरिएंटेशन पर भी कार्य करना है, ताकि जब आप लोग यहाँ से बाहर जाएं तो वैश्विक चुनातियों का सामना कर सकें। हमारा विज़न है की हमारे इन बच्चों को सारी वही सुविधाएँ मिलनी चाहिए जो देश के दुसरे बच्चों को मिल रही हैं, और जो की आजादी के 70 सालों से अभी तक वंचित रहीं थी।